बुधवार
28 दिसंबर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



रघुनाथपुर सीएचसी प्रभारी ने कर्मी को जान से मारने की दी धमकी, किया दुर्व्यवहार 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

**कोरोना का खतरा : बिहार में फिर से लोगों को अपनी चपेट में लेने लगा जानलेवा वायरस, सतर्क रहें**

# गया और पटना के छह लोग कोरोना संक्रमित

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में कोरोना एक बार फिर पैर फैलाने लगा है। बौद्ध धर्मगुरू दलाई लामा के बोधगया में होनेवाले कार्यक्रम में शामिल होने आए 11 विदेशी यात्री पहले कोरोना से संक्रमित पाए गए। अब गया के ही रहनेवाले पांच अन्य लोग भी कोरोना संक्रमित मिले हैं। मंगलवार को इनकी जांच रिपोर्ट आई है। ये सभी गया के डुमरिया के रहनेवाले हैं। बीमार होने पर अस्पताल में इलाज कराने आए थे। इलाज के दौरान उनके सैंपल लेकर कोविड टेस्ट के लिए भेजे गए थे।

स्थानीय लोग के कोरोना की चपेट में आने की जानकारी से स्वास्थ्य विभाग के कान खड़े हो गए हैं। इससे गया में संक्रमितों की संख्या बढ़कर कुल 16 हो गई है। वहीं , राजधानी पटना के साथ-साथ दरभंगा में भी एक-एक पॉजिटिव केस मिला है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह क्लियर नहीं किया गया है कि सभी मरीजों में कोरोना के कौन से वैरिएंट हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है।

**डरना जरूरी है... गया में संक्रमितों की संख्या 16 हुई**

**चिंता: स्थानीय लोग भी अब होने लगे हैं संक्रमित**





### सैंपल की होगी जीनोम सीक्वेंसिंग

पटना जिले के दुल्हिन बाजार का एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाया गया है। बताया जा रहा है कि सोमवार को उस व्यक्ति की कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी मिली। उसके बाद उसका सैंपल दुल्हिन बाजार से जांच के लिए पटना एम्स भेजा गया था। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद अब सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए पटना के आईजीआईएमएस में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, पॉजिटिव पाई गई महिला गृहणी है, जिसका यात्रा का कोई रिकॉर्ड नहीं है। महिला का पति रेलवे में ड्राइवर है और वह घर आया हुआ है। उसके पति और परिवार का एंटीजन जांच किया गया, सभी के रिपोर्ट नेगेटिव पाए गए हैं। ऐसे में यह तय हो गया है कि कोरोना का प्रसार होने लगा है।

### बिहार में कोरोना को लेकर रैंडम चेकिंग

बता दें कि केंद्र सरकार की सलाह के अनुरूप बिहार के हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों पर औचक कोविड जांच की जा रही है। हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों पर रैपिड एंटीजन टेस्ट करने और संदिग्ध मामलों को आरटी पीसीआर टेस्ट और जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए अस्पतालों में भेजने के लिए भी कहा गया है। इस बीच उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार सरकार कोविड-19 मामलों से निपटने के लिए तैयार है। कहा कि हमारे स्वास्थ्य अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं। सभी अस्पतालों को आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने लोगों से कोरोना से बचाव के लिए एहतियात बरतने की अपील की है।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के सभी जिलों के लिए कोरोना की एडवाइजरी जारी कर दी है। गाइडलाइन में राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने कोरोना को लेकर पूरी तरह से अलर्ट रहने को कहा है। कहा गया है कि विश्व के कई देशों जैसे जापान, अमेरिका, कोरिया, ब्राजील और चीन में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। संक्रमण की दर में तेजी से बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। इन देशों में कोविड 19 के नए वैरिएंट बीएफ 7 को तबाही का कारण माना जा रहा है। भारत में भी बीएफ 7 के 4 मामले सामने आ चुके हैं। इस खतरनाक वैरिएंट को लेकर अलर्ट रहने को लेकर राज्य में गाइडलाइन जारी की जा रही है।

## कोविड प्रोटोकॉल के बीच आज 68 निकायों में डाले जाएंगे वोट

**बिहार में चुनाव: सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान**

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण के लिए बुधवार को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। 30 दिसंबर को सुबह आठ बजे से मतगणना होगी। दूसरे चरण में पटना नगर निगम सहित पूरे बिहार में कुल 68 निकायों पर मतदान होना है।

मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद और पार्षद के कुल 1665 पदों के लिए मतदान होंगे। मुख्य पार्षद के लिए 68 और उप मुख्य पार्षद के लिए 68 पद है। पार्षद के लिए 1529 पद है। दूसरे चरण में 11884 प्रत्याशी मैदान में हैं. मुख्य पार्षद के लिए 992 प्रत्याशी मैदान में हैं तो उप मुख्य पार्षद के लिए 888 प्रत्याशी मैदान में हैं। पार्षद पद के लिए 10004 प्रत्याशी मैदान में हैं। दूसरे चरण में वार्ड पार्षद पद के लिए 10 प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए हैं। पटना जिले में पहले चरण में 10 नगर परिषद और दो नगर पंचायत में मतदान हुआ था। दूसरे चरण में सिर्फ पटना नगर निगम का चुनाव होना है।

### सभी मतदानकर्मियों को मास्क पहनना अनिवार्य

बुधवार को होनेवाले नगर निकाय के चुनाव में कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जायेगा। इसको लेकर राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से सभी डीएम को निर्देश जारी किया गया है। नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदान और मतगणना के दौरान केंद्रों पर कोरोना से बचाव के तरीकों पर जोर दिया जायेगा। सोशल डिस्टेंसिंग के साथ-साथ मतदाताओं और मतदानकर्मियों को मास्क, गलव्स और सैनिटाइजर आदि का इस्तेमाल करना अनिवार्य होगा। साथ ही सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर कर दिया गया है।

## खबरें फटाफट

### कोडरमा-गया रेलखंड पर मालगाड़ी पटरी से उतरी

**गया।** झारखंड के धनबाद मंडल के कोडरमा-गया रेलखंड के बीच टनकुप्पा स्टेशन पर मंगलवार को मालगाड़ी के 03 वैगन पटरी से उतर गए, जिस वजह से रेल यातायात बाधित हो गया। नतीजतन कुछ ट्रेन कैंसिल करनी पड़ी और कुछ के मार्ग में तब्दीली की गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### प्रधानमंत्री के भाई की कार दुर्घटनाग्रस्त

**मैसूर।** कर्नाटक के मैसूर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी की कार दुर्घटना का शिकार हो गई है। जानकारी के मुताबिक, कार में प्रह्लाद मोदी के साथ उनका बेटा और बहू भी थे। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया कि दुर्घटना मैसूर तालुक के कड़ाकोला के पास हुई। प्रह्लाद मोदी अपनी मर्सिडीज बेंज कार से बेंगलुरू से बांदीपुर की ओर जा रहे थे। कार में सवार प्रह्लाद मोदी के बेटा, बहू और पोता भी उनके साथ थे। हादसे में प्रह्लाद मोदी, उनकी बहू और पोते को गंभीर चोटें आईं हैं। बेटे और ड्राइवर को मामूली चोट लगी है।

### जदयू विधायक गोपाल मंडल का बेटा गिरफ्तार

**भागलपुर।** विवादों में घिरे जदयू विधायक गोपाल मंडल के बेटे आशीष मण्डल को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आशीष पर पिछले दिनों गोली चलाने का आरोप लगा था। इसी मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई है। वे पिछले कई दिनों से पुलिस की गिरफ्त से भागे हुए थे।

### नीतीश की यात्रा का कोई फायदा नहीं : जगदानंद

**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार समाज सुधार यात्रा पर जाने वाले हैं। इसे लेकर आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा है कि नीतीश की यात्राओं का बिहार को कोई फायदा नहीं मिलता। उन्होंने कहा- बिहार में नीतीश कुमार ने अब तक जितनी यात्राएं की हैं, उसका कोई फायदा नहीं हुआ है। यह सब बेकार है।

## एक हेलीकॉप्टर और एक जेट विमान खरीदेगी बिहार सरकार

**कैबिनेट का फैसला**

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को बिहार कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कुल सात एजेंडों पर मुहर लगी। इसमें वीआईपी और वीवीआईपी की आवाजाही के लिए एक नया जेट इंजन विमान और एक हेलीकॉप्टर खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने शिक्षा विभाग में 1674 नए पदों का सृजन किया है। शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में 1674 पदों में से लिपिक के लिए 670 पद, उच्च वर्गीय लिपिक के लिए 462 पद, प्रधान लिपिक के लिए 161 पद, के साथ-साथ कार्यालय अधीक्षक के लिए 47 पदों का सृजन किया गया है।

बैठक में भवन निर्माण विभाग के मुख्य वास्तुविद अनिल कुमार को सेवानिवृत्त के बाद संविदा के आधार पर अगले 1 वर्ष के लिए नियोजित किया गया है। अनिल कुमार 31 दिसंबर को अपने पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसके साथ ही सरकार ने भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने और आवास आवंटन के लिए सूचना प्रबंधन प्रणाली को विकसित करने के लिए भवन निर्माण विभाग और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के बीच करार को स्वीकृति दी है।



- शिक्षा विभाग में 1674 नए पदों का किया गया सृजन
- सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में सात एजेंडों पर लगी मुहर

### वित्तीय प्रोत्साहन क्लीयरैंस की स्वीकृति

बैठक में सरकार ने कैमूर स्थित मैसर्स जयदयाल हाईटेक प्राइवेट लिमिटेड को बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली के तहत वित्तीय प्रोत्साहन क्लीयरैंस की स्वीकृति दी है। वहीं नालंदा स्थित मेसर्स पटेल एग्री इंडस्ट्रीज और मुजफ्फरपुर स्थित मोतीपुर शुगर मिल को भी बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली के तहत वित्तीय प्रोत्साहन क्लियरेंस को मंजूरी दी गई है

## नवादा में जेवर दुकान से 20 लाख रु. के गहनों की चोरी

**केटी न्यूज/नवादा**

नवादा जिले में चोरों ने जेवर दुकान में 20 लाख की संपत्ति की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना हिसुआ थाना क्षेत्र के मंझवे गांव की है। जानकारी के अनुसार हिसुआ थाना क्षेत्र के मंझवे गांव में ज्वैलरी दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली।

घटना को लेकर तुंगी ग्राम निवासी पीड़ित दुकानदार शिव कुमार ने हिसुआ थाना को दिए लिखित आवेदन में कहा है कि मेरी दुकान मंझवे के रामबाजार में एनएच 82 पर स्थित है। सोमवार को रात साढ़े 9 बजे बंद कर अपने घर चला गया था। मंगलवार को करीब 8 बजे जब दुकान खोलने गया तो ताला नहीं खुल रहा था। तब नीचे अंडरग्राउंड का ताला खोलकर अंदर गया तो देखा कि जेवरात की तिजोरी टूटी हुई है। चोरों ने दुकान के पीछे से लकड़ी की सीढ़ी के सहारे छत पर प्रवेश किया और दुकान की दीवार तोड़कर चोरों ने दुकान में रखे सोने-चांदी के जेवरात समेत नगदी लेकर भाग गया। शिव कुमार के अनुसार दुकान में 250 ग्राम सोना (लगभग साढ़े ग्यारह लाख रुपये), 20 किलो चांदी, चांदी के सिक्के (करीब आठ लाख) एवं 15 हजार नगदी समेत अन्य समान चोरी कर ली गयी।

### गया में अपराधियों के हौसले बुलंद, फायरिंग करते बनाया वीडियो

**गया।** गया शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र में अपराधियों द्वारा हाथों में हथियार लेकर घूमते और दनादन फायरिंग करने का एक वीडियो वायरल हुआ है। खास बात यह भी है कि वीडियो किसी अनजान या पीड़ित ने नहीं बल्कि अपराधियों ने ही बनाया है। वायरल वीडियो में वीडियो बनाने वाला अपराधियों का परिचय भी दे रहा है।

इस वायरल वीडियो के बारे में सूत्रों ने बताया कि बीती रात तकरीबन 12 बजे आधा दर्जन अपराधी एक साथ अपने हाथों में हथियार लेकर डेल्हा थाना क्षेत्र के बैरागी मुहल्ले के भुइं टोली में घुसते हैं और इलाके में दहशत फैलाने के लिए पहले ताबड़तोड़ फायरिंग करते हैं। उसके बाद इलाके में रहने वाले लोगों के साथ जमकर मारपीट भी करते हैं। अपराधियों ने कई लोगों के साथ बेरहमी से मारपीट की। इसके बाद उन्हें अधमरा कर छोड़ कर आगे बढ़ गए। वंही सूत्रों ने यह भी बताया कि घायल व्यक्ति के परिवार वालों ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया था। स्थानीय थाना की पुलिस इलाके में पहुंची और मामले की छानबीन में जुटी है।

## ओबीसी आरक्षण के बिना कराएं निकाय चुनाव: कोर्ट

**यूपी सरकार को झटका**

**एजेंसी/लखनऊ**

यूपी नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने ओबीसी आरक्षण के बिना ही निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया है। ऐसे में ओबीसी के लिए आरक्षित सीट अब जनरल मानी जाएगी। वहीं, कोर्ट के फैसले के तुरंत बाद सीएम योगी आदित्यनाथ की प्रतिक्रिया भी सामने आई। उन्होंने कहा, प्रदेश में पहले ओबीसी आरक्षण देंगे, फिर चुनाव कराएंगे। अगर जरूरत पड़ी सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।" सीएम ने आरक्षण पर आयोग का गठन करने की भी बात कही है।

इस फैसले के साथ ही हाईकोर्ट ने 5 दिसंबर को यूपी सरकार की तरफ से जारी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को भी खारिज कर दिया है। जज देवेंद्र कुमार उपाध्याय और सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने कहा कि सरकार को चुनाव जल्दी कराने चाहिए। अगर आरक्षण तय करना है, तो ट्रिपल टेस्ट के बिना कोई आरक्षण तय नहीं होगा।

हाईकोर्ट के इस फैसले को सरकार के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। कोर्ट का यह आदेश रायबरेली के सामाजिक कार्यकर्ता वैभव पांडेय की जनहित याचिका पर आया है।

डीजिटल संस्करण
संपर्क सूत्र
9122915443
9931711972
8936046900
केशव टाइम्स
आपकी आवाज
वेब पोर्टल : keshavtimes.com
अपने गांव
अपने शहर
की हर खबर
पढ़ें और पढ़ायें
यूपी, बिहार व झारखंड की खबरों पर हमारी पैनी नजर
आपकी समस्याओं का होगा निदान
हमारे रिपोर्टर: गाजीपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी, लखनऊ, बक्सर ,रोहतास ,भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, पटना में
शहर से लेकर गांव तक की हर गतिविधियों पर है हमारे रिपोर्टरों की नजर, क्योंकि हम हैं आपके लिए 24 घंटे तत्पर
keshavtimes
keshavtimes
keshavtimes

**राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने भू अर्जन पदाधिकारियों के साथ की बैठक**

## रैयतों को मुआवजा भुगतान में तेजी लाएं : मेहता

**केटी न्यूज/पटना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री आलोक कुमार मेहता ने बिहार के सभी 38 जिलों के भू अर्जन पदाधिकारियों के साथ मासिक बैठक की। इस दौरान मंत्री आलोक मेहता ने कहा कि सरकारी कार्यों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब से विकास की रफ्तार पर बुरा असर पड़ता है और देश की तरक्की बाधित होती है। भू-अर्जन पदाधिकारी रैयतों को मुआवजा भुगतान में तेजी और पारदर्शिता लाएं ताकि विभाग की बदनामी नहीं हो।

इस मौके पर राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने कहा कि राज्य में कई तरह की परियोजनाएं चल रही हैं।



सड़कों का जाल बिछाने का काम चल रहा है। अधिकारी यह देखें कि सारा काम नियमों के मुताबिक हो और जिनकी जमीन ली जा रही है, उन्हें बगैर किसी परेशानी के जमीन का उचित मुआवजा प्राप्त हो जाए।

बैठक में भू-अर्जन से संबंधित मुआवजे की दर और भूमि की प्रकृति को लेकर जिला भू-अर्जन पदाधिकारियों और एनएचएआई के प्रतिनिधियों के बीच चर्चा हुई। बैठक में एनएचएआई से संबंधित कई परियोजना पदाधिकारियों ने जिला भू अर्जन पदाधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से जमीन की प्रकृति बदलने का आरोप लगाया। उनका आरोप था कि इससे परियोजना की लागत बढ़ जाती है। जिला भू अर्जन पदाधिकारियों का तर्क था कि भूमि की प्रकृति का निर्धारण 6 सदस्यीय टीम करती है और उसमें पूरी पारदर्शिता बरती जाती है। अपर मुख्य सचिव ने सभी जिला भू अर्जन पदाधिकारियों को कहा कि शिकायतों की जांच की जाएगी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बैठक में मौजूद भू अर्जन निदेशक को इस मामले की सूक्ष्मता से जांच करने का आदेश दिया।

बैठक में राज्य में चल रहे विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य सरकार से संबंधित परियोजनाओं और रेलवे की परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य मुद्दा था मुआवजा भुगतान की रफ्तार तेज करना ताकि समय पर परियोजनाओं को पूरा किया जा सका। बैठक में भारत माला के तहत धनरूआ अंचल और फतुआ अंचल के अधीन कुल 12 मौजों में मुआवजा भुगतान की धीमी रफ्तार का कारण पूछा गया।

## खबरें फटाफट

### समरसेबल चुरा ले भागे अज्ञात चोर

**नावानगर।** सिकरौल थाना क्षेत्र के भदार गांव के एक बगीचा से अज्ञात चोरों ने समरसेबल चुराकर ले भागने का मामला प्रकाश में आया है। चोरी गई समरसेबल गांव के किसान विशाल कुमार सिंह की थी। समरसेबल चोरी होने की जानकारी सोमवार की देर शाम की हुई। पीड़ित किसान ने बताया कि समरसेबल चोरी की अंजाम चोरों ने शाम ढलते ही दिया है। चूंकि शाम 4 बजे तक वे बगीचा में मौजूद थे। उसके बाद वे घर चले आए। देर शाम को पुनः जब वे बगीचा पहुंचे तो समरसेबल गायब था। साथ ही पाइप को तोड़फोड़ किया गया था। पीड़ित किसान ने बताया कि बगीचा में लगे फलदार एवं छायादार पौधा की सिंचाई के लिए उन्होंने समरसेबल लगाया था। जिसे अज्ञात चोरों ने मौका देखकर चोरी कर लिया है। साथ ही पाइप को नष्ट कर दिया है। उन्होंने बताया कि समरसेबल चोरी की मौखिक सूचना सिकरौल पुलिस को दे दी गई है।

### बाइक की टक्कर से किशोर जख्मी

**नावानगर।** डुमरांव-विक्रमगंज हाईवे स्थित रुपसागर गांव के पास अज्ञात बाइक की चपेट में आने से एक किशोर जख्मी हो गया। जख्मी को स्थानीय समाजसेवियों द्वारा नावानगर सीएचसी में इलाज कराया गया। जख्मी किशोर की पहचान भटौली गांव के अंकित कुमार बताया जाता है। युवा शक्ति के अध्यक्ष रंजन यादव ने बताया कि किशोर नावानगर से रुपसागर की तरफ जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही बाइक की चपेट में किशोर आ गया। जिससे वह जख्मी हो गया। वही दुर्घटना के बाद बाइक चालक अपनी बाइक लेकर भाग निकला। उन्होंने बताया कि जख्मी किशोर को हल्की चोटे आई है। जिसका इलाज चल रहा है।

### पुस्तक मेला का हुआ शुभारंभ

**बक्सर।** नगर के कवलदल पोखरा परिसर स्थित बाल विज्ञान भवन के पास आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी पुस्तक मेला और विज्ञान क्विज में प्रत्येक प्रखंड से विद्यार्थी चयनित होकर जिला स्तर पर मंगलवार को भाग लिया। अपने सृजनात्मक, ज्ञानात्मक कौशल से उन्होंने जिला स्तरीय निर्णायक मंडल को काफी प्रभावित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा चंदन कुमार द्विवेदी ने ज्ञान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने विज्ञान के माध्यम से विश्व स्तर तक पहुंचने के सुगम रास्ते को परिलक्षित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के ज्ञान कौशल को कैसे आगे बढ़े काफी अच्छे तरीके से उदाहरण के साथ अपने उद्बोधन में समझाया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए। मंच संचालन का दायित्व संयुक्त रूप से डॉ मनीष कुमार शशि और डॉक्टर पम्मी राय ने निभाया।

# निकाय चुनाव को लेकर हर गली मोहल्लों में उपद्रवियों पर नजर रखेगी बाइकर्स पुलिस टीम

- एसपी के निर्देश पर बनी 11 बाइकर्स टीम, 55 बाइक पर 110 जवान करेंगे गश्त
- शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर हर बूथों पर पर्याप्त पुलिस कर्मी किये गये तैनात

**केटी न्यूज/आरा**


फ्लैग मार्च के लिए तैयार पुलिस जवान


जवानों को जानकारी देते एसपी

जिला मुख्यालय स्थित नगर निगम सहित कोईलवर और गड़हनी में नगर पंचायत शांतिपूर्ण नगर निकाय चुनाव को भोजपुर पुलिस द्वारा फुलप्रूफ तैयारी की गयी है। चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों के साथ ही सभी गली-मोहल्लों में गड़बड़ी करने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। इसे लेकर सूबे के डीजीपी आरएस भट्टी और एसपी संजय कुमार सिंह के निर्देश पर बाइकर्स टीम गठित की गयी है। 11 बाइकर्स टीम का गठन किया गया है। उसमें 55 बाइक पर 110 जवान हर गली-मोहल्ले में पेट्रोलिंग करेंगे। ताकि चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले लोगों पर शिकंजा कसा जो सके।

इसके अलावा हर मतदान केंद्रों पर भी भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। वहीं चुनाव की पूर्व संध्या पर पुलिस की ओर से शहर में फ्लैग मार्च भी निकाला गया। पुलिस ऑफिस से निकला मार्च में पूरे शहर में घूमा। इससे पहले एसपी द्वारा सभी जवानों को ब्रीफ किया गया और गड़बड़ी करने वालों की पहचान कर सख्त व कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। दूसरी ओर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव को लेकर नवादा थाने में प्रत्याशियों की बैठक भी की गयी। उसमें थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह द्वारा शांतिपूर्ण चुनाव कराने में प्रत्याशियों से सहयोग करने की अपील की गयी।

### अस्पताल में सभी कोविड व्यवस्था की हुई जांच, संक्रमण की रोकथाम के लिए व्यवस्था पूरी

# कोविड-19 के नए वेरिएंट से निपटने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में हुआ मॉक ड्रिल

- डीडीसी ने सदर अस्पताल व डेडिकेटेड हॉस्पिटल का लिया जाएजा
- संक्रमण से सुरक्षा के लिए प्रीकॉशन डोज लगाने की अपील

**केटी न्यूज/बक्सर**


अस्पताल का निरीक्षण करते डीडीसी

विश्व के कई देशों में कोविड-19 के नए मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। भारत में भी कोविड-19 के नए वेरिएंट ओमिक्रोम बीएफ-7 के कुछ केस दर्ज हुए हैं। इसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड सुरक्षा के मापदंडों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसको लेकर मंगलवार को जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा सभी अस्पतालों में कोविड संक्रमण से उपचार के लिए उपलब्ध व्यवस्था की जांच की गई। जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश पर डीडीसी डॉ. महेंद्र पाल ने सदर अस्पताल में सरकार द्वारा उपलब्ध उपकरणों व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जांच की। इसमें अस्पतालों में उपलब्ध बेड, लाइफ सपोर्ट सिस्टम, एम्बुलेंस की उपलब्धता, टेस्टिंग लैब में उपलब्ध आरटीपीसीआर, आरएटी किट्स, टेस्टिंग उपकरण, पीपीई किट्स, एन-95 मास्क की उपलब्धता, ऑक्सिजन कंसन्ट्रेटर आदि सुनिश्चित की गई। मॉक ड्रिल के सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ, अस्पताल प्रबंधक दुष्यंत सिंह, अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरबी श्रीवास्तव समेत अन्य स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

**कोविड केयर सेंटर 24 घंटे कार्यरत :** कोविड-19 से लोगों को जागरूक करने और सभी आवश्यक सुविधाओं की जानकारी के लिए मेडिकल कॉलेज में कोविड केयर सेंटर कार्यरत है। कोविड लहर खत्म होने के बाद भी केयर सेंटर दिनभर कार्यरत था लेकिन जब से कोविड के नए वेरिएंट में बढ़ोतरी देखी गई है इसे फिर से 24 घंटे के लिए एक्टिवेट कर दिया गया है। लोग कोविड केयर सेंटर में कॉल करके संक्रमण से सुरक्षा सम्बंधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**नए वेरिएंट्स से बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं :** सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने कहा कि वर्तमान में जिले में कोई भी कोविड-19 का मामला नहीं है। लोगों को कोविड-19 के नए वेरिएंट्स से बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग इससे निपटने के लिए पहले भी तैयार था और अभी भी तैयार है। तैयारियों के निरक्षण के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्थितियों की जांच की गई। उन्होंने लोगों से अपील किया कि लोग कोविड से सुरक्षा के लिए सभी प्रोटोकॉल का पालन करें। जिसमें लोगों से सामाजिक दूरी का ख्याल रखना, पूरी तरह मास्क का प्रयोग करना, हाथों को सैनिटाइजर से सफाई करना आदि महत्वपूर्ण है। इसके अलावा सभी लोग कोविड प्रीकॉशन डोज जरूर लगाएं। जिससे कि संक्रमित होने की संभावना कम हो जाती है।

#### ऑक्सीजन प्लांट पूरी तरह क्रियाशील

उप विकास आयुक्त डॉ. महेंद्र पाल ने सदर अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट के साथ ही अस्पताल के बेडों एवं उसपर लगे ऑक्सीजन यूनिट का निरीक्षण किया, जिसे सुचारू पाया। साथ ही उन्होंने कहा कि 103 बडा सिलिंडर एवं 88 छोटा ऑक्सीजन सिलिंडर किसी भी विपरीत परिस्थिति के लिए पर्याप्त है। निरीक्षण के बाद उप विकास आयुक्त डॉ. महेंद्र पाल ने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट पूरी तरह क्रियाशील है। सदर अस्पताल में मौजूद 120 बेडों को ऑक्सीजन से जोड़ा गया है। सभी बेड पर वेटिलेटर सेवा उपलब्ध है। वहीं, 30 आइसोलेटेड बेड तैयार किया गया है। कोरोना संक्रमण के बचाव को लेकर निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत जिला पूरी तरह तैयार है। सिविल सर्जन ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर कोविड जांच भी शुरू कर दी गई है।

# हथियार के बल पर सीएचपी संचालक से 81 हजार की लूट

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में धनगाई थाना क्षेत्र के कुनई-बजरंग चौक रोड पर मंगलवार की सुबह अपराधियों ने एक सीएचपी संचालक से 81 हजार रुपए लूट ली। लुटेरों की संख्या तीन बतायी जा रही है, जो अपाची बाइक पर सवार थे वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी आराम से भाग निकले।

लूट की यह घटना कुनई गांव निवासी मुकेश कुमार के साथ हुई है। उनकी बजरंग चौक दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की सीएसपी है। बताया जा रहा है कि संचालक मुकेश कुमार मंगलवार को अपने घर से 81 हजार रुपए लेकर बजरंग चौक स्थित सीएसपी जा रहे थे। इसी बीच कुनई से बजरंग चौक जाने वाले रास्ते पर बाइक सवार अपराधियों द्वारा ओवरटेक कर उनकी बाइक रोक दी गयी। उसके बाद हथियार का भय दिखा कर बैग सहित 81 हजार रुपये छीनकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि लुटेरों द्वारा उनकी बाइक में ठोकर मार गिरा भी दिया गया था।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सत्यार्थी पुलिस के साथ मौके पर पहुंच छानबीन में जुट गए है। उन्होंने सीएसपी संचालक से घटना और अपराधियों के बारे में जानकारी ली। उसके बाद अपराधियों का पीछा भी किया गया। लेकिन अपराधी पकड़ में नहीं आ सके। इधर, पुलिस हुलिया के आधार पर लुटेरों की पहचान व धरपकड़ में जुटी है। सूत्रों के अनुसार पुलिस को लुटेरों का क्लू भी मिला है। उस आधार पर पुलिस की ओर से कई जगहों पर छापेमारी भी की जा रही है।

# जिले में जल्द शुरू होगी जाति आधारित गणना

**केटी न्यूज/जहानाबाद**


बैठक में शामिल अधिकारीगण

बिहार जाति आधारित गणना, 2022 को लेकर मंगलवार को अपर समाहर्ता सुधा गुप्ता की अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी की बैठक हुई। बैठक में नोडल पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग-सह-जिला स्थापना उप समाहर्ता गुलाब हुसैन ने बताया कि दिनांक 28 एवं 29 दिसंबर को समाहरणालय ग्राम प्लेक्स भवन में प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

बताया गया कि गणना कार्य में लगभग 494 पर्यवेक्षक तथा 2963 प्रगणकों को लगाया जा रहा हैं। प्रखंड स्तर पर कोषांगो का गठन कर लिया गया है। प्रशिक्षण की पूरी तैयारी कर ली गई है। चार्ज पदाधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रखंडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में नोडल पदाधिकारी, वित्तीय प्रबंधन कोषांग ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए सामग्री की किट की व्यवस्था कर लिया गई है। अपर समाहर्ता द्वारा नोडल पदाधिकारी, गणना किट कोषांग को निदेश दिया गया कि सभी पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों को विभाग द्वारा निर्धारित गणना किट एवं प्रपत्रों की व्यवस्था निर्धारित समय सीमा के अंदर कर लें, ताकि 05 जनवरी, 2023 तक गणना कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों को किट उपलब्ध हो जाए। बैठक में अपर समाहर्ता द्वारा सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारी को उनका कार्य/दायित्व बताया गया। उन्होंने बताया कि 'बिहार जाति आधारित गणना, 2022' के प्रथम चरण में मकानों का नंबरीकरण एवं संक्षिप्त मकानों सूची के निर्माण का कार्य सात से 21 जनवरी तक चलेगा। जिसमें सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों को मकानों का गणना के साथ-साथ नक्शा तैयार करने का निदेश दिया गया। उक्त कार्य के लिए गठित कार्मिक प्रबंधन कोषांग कर्मियों की प्रतिनियुक्त करेगी तथा प्रशिक्षण कोषांग ₹बिहार जाति आधारित गणना, 2022₹ से संबंधित प्रशिक्षण देगा। उक्त कार्य के लिए सामग्री वितरण/वापसी कोषांग, अनुश्रवण कोषांग, गणना कीट प्रबंधन कोषांग, वित्तीय प्रबंधन कोषांग, प्रचार-प्रसार कोषांग के अधिकारी शामिल रहें।

## एक नजर

### हंगामा के बीच नावानगर वार्ड 13 के आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का किया गया चयन



**बक्सर।** नावानगर प्रखंड के स्थानीय पंचायत अंतर्गत वार्ड 13 के आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का चयन हंगामा के बीच संपन्न हो गया। जिसमें खालिदा बेगम को सेविका तथा पूजा देवी को सहायिका के लिए चयन किया गया। नावानगर पंचायत भवन पर आमसभा की गई। आमसभा में सभी 11 आवेदिका पहुंची हुई थी। चयन प्रकिया सूचि में पहले स्थान पर आवेदिका से कागजात की मांग किया गया। पर आवेदिका एवं उनके पति का नाम 13 वार्ड के वोटर लिस्ट में नहीं होने से उनकी आवेदन को बाल विकास परियोजना की प्रवेक्षिका मालती कुमारी ने निरस्त कर दिया। यह देख उस आवेदिका के समर्थक हंगामा करने लगे। घंटे भर हंगामा के बाद प्रवेक्षिका ने साफ तौर पर नियमवाली के तहत चयन करने की बात कही। जिसके बाद चयन प्रक्रिया शुरू हुआ। इस तरह चयन सूचि में दूसरे नम्बर पर खालिदा बेगम की कागजात जांचोपरांत सेविका पद के लिए प्रवेशिका ने चयन किया। वही सहायिका पद के लिए पूजा देवी को निर्विरोध चयन किया गया। बाल विकास परियोजना के प्रवेक्षिका मालती कुमारी ने बताया कि नावानगर वार्ड 13 के आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सहायिका का चयन प्रक्रिया पूरी कर लिया गया है। सेविका एवं सहायिका को चयन की प्रमाण पत्र सौंप दिया गया गया है।

### घरेलू कलह से तंग आकर महिला ने की खुदकुशी

**आरा।** भोजपुर के बड़हरा थाना क्षेत्र के चातर गांव में मंगलवार की सुबह एक विवाहिता द्वारा खुदकुशी कर ली गयी। जहर खाने के बाद गंभीर हालत में उसे आया सदर अस्पताल लाया गया। लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। मृत महिला चातर गांव निवासी विशाल बिंद की 30 वर्षीया पत्नी पार्वती देवी थी। घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। उसकी मां माया देवी ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे गांव की ही एक महिला द्वारा फोन कर बताया गया कि पार्वती ने जहर खा लिया है। उसके बाद वह आनन-फानन में उसके ससुराल पहुंची और इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां पहुंचने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मां माया देवी द्वारा भी जहर खाने के कारणों के बारे में जानकारी नहीं होने की बात कही गयी है। हालांकि सूत्रों के अनुसार घरेलू कलह के कारण विषपान करने की बात कहीं जा रही है। बताया जाता है कि पार्वती देवी का पति विशाल बिंद गुजरात के राजकोट में प्राइवेट काम करता है। वह अभी वहीं पर है। वह अपने पांच भाई और तीन बहनों में तीसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां माया देवी, पुत्र रितेश, अनंत और पुत्री शिवानी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

### रोजगार शिविर में पहुंचे 350 प्रतिभागी



**बक्सर।** बिहार सरकार श्रम संसाधन विभाग जिला नियोजनालय बक्सर के तत्वाधान में मंगलवार को संयुक्त श्रम भवन बक्सर में एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। जहां बेरोजगार युवाओं में रोजगार के प्रति उत्साह देखा गया। निर्धारित समय से अर्हता प्राप्त बेरोजगार युवा नियोजनालय स्थित नियोजन कार्यालय पहुंचे। रोजगार शिविर का उदघाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोजगार शिविर में आमधनी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा याजाकी इंडिया, अशोक लिलंद, धोत्रांसमिशन प्राईवेट लिमिटेड, ख्या टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड तथा आईसर मोटर्स में नियुक्ति हेतु भाग लिया गया। जिसमें कुल 350 आवेदक उपस्थित हुए। रोजगार शिविर में आमधनी प्राईवेट लिमिटेड प्रतिनिधि के द्वारा कुल 268 आवेदकों का सक्षात्कार किया गया। जिसमें कम्पनी द्वारा कुल 96 आवेदकों का प्रथम स्तर चयन किया गया। इसके पश्चात कम्पनी द्वारा टेलीफोनिक इन्टरव्यू लिया जायेगा। जिसके आधार पर अंतिम चयन किया जायेगा। इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधि के अलावा जिला नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी, वाईपी रोहित भारती, सरोज कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक सरोज कुमार, डाटा इंट्री ऑपरेटर तिरुपति नाथ शर्मा, मु इमरान हसीब, महात्मा गांधी नेशनल फैलों, डीएसई रवि कुमार, कुन्दन कुमार एवं डीएसएम उत्पल कुमार सभी कर्मियों के साथ उपस्थित रहें।

### धरौली से सोंवा सड़क होगी दुरुस्त: सांसद

**बक्सर।** स्थानीय सांसद सह केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे मंगलवार को ब्रह्मपुर विधानसभा के धरौली गांव पहुंचे। पूर्व नगर आयुक्त दिल्ली स्वर्गीय राजमोहन सिंह की जयंती समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री श्री चौबे ने धरौली से सोंवा सड़क बनाने की घोषणा की। इसमें दो फेज में 30 लाख रुपए खर्च होगा। उन्होंने मौके से ही जिला योजना पदाधिकारी से बात की। इससे सांसद निधि कोष से बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पूर्व नगर आयुक्त दिल्ली स्वर्गीय राजमोहन सिंह को यह सड़क उनके याद में समर्पित होगा। इस क्षेत्र में उन्होंने उल्लेखनीय सामाजिक कार्य किए। उक्त सड़क को लेकर भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे सामाजिक कार्यों में हमेशा सक्रिय रहते थे। उनकी कमी सभी को महसूस होती है। उक्त सड़क के बनने से डुमरांव अनुमंडल की दूरी भी कम हो जाएगी। अभी ब्रह्मपुर होते हुए करीब 30 किमी लगता है। इसके बनने के बाद यह दूरी 8 किमी हो जाएगी। यह सड़क दो विधानसभा क्षेत्र को जोड़ेगी। इसके पूर्व ब्रह्मपुर पहुंचने पर केंद्रीय राज्यमंत्री श्री चौबे का पार्टी कार्यकताओं ने स्वागत किया। उन्होंने कार्यकताओं की समस्या को सुना। इसके साथ ही उनकी समस्याओं को मौके पर ही समाधान किया।

### अनुज भोला बाबू ने किंग महेन्द्र प्रसाद की स्मृतियों को सहेजने का दिया भरोसा

# इलाके के सभी गरीबों के लिए आइकॉन थे महेंद्र बाबू: जीतन राम मांझी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

- राज्यसभा सांसद सह प्रसिद्ध दवा कंपनी एरिस्टो फर्मास्यूटिकल के मालिक महेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर उमड़ा जन समूह


कार्यक्रम में शामिल नेतागण व अन्य लोग

राज्यसभा के दिवंगत सांसद सह प्रसिद्ध दवा कंपनी एरिस्टो फर्मास्यूटिकल के मालिक महेन्द्र प्रसाद उर्फ किंग महेन्द्र की पुण्यतिथि पर यहां संपूर्ण टाउन हॉल परिसर में एक व्यापक समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश भर से मौके पर जुटे सैकड़ों प्रमुख नेताओं में कई मंत्री, पूर्व मंत्री, सांसद व पूर्व सांसद, विधायक व पूर्व विधायक सहित समाज के विभिन्न उपकरणो के प्रमुख लोगों ने पूर्व सांसद के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। एरिस्टो के एमडी व अपने जन सरोकारों व पीड़ित मानवता की सेवा के लिए असाधारण रूप से समर्पित रहने वाले प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता उमेश शर्मा उर्फ भोला बाबू के द्वारा आयोजित समारोह को लेकर यहां व्यापक तैयारियां की गई थी। उन्होंने दिवंगत सांसद महेन्द्र प्रसाद के प्रति अपने भावुक श्रद्धांजलि संदेश में कहा कि वे न सिर्फ उनके बड़े भाई थे, बल्कि वे एक पिता की तरह उन्हें जीवन में आगे बढ़ने व चुनौतियों से सफलतापूर्वक पार पाने का हौसला देते रहे।

समारोह की अध्यक्षता पूर्व सांसद डॉ. जगदीश शर्मा ने की। उन्होंने महेन्द्र प्रसाद के जीवन की गौरवगाथा को विस्तार से रेखांकित करते हुए उन्हें समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पित एक महान व सृजनशील राजनेता बताया। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि महेंद्र बाबू खासकर गरीबों के लिए आइकॉन थे। गांव घर में विभिन्न प्रकार के कमी को से जूझते हुए पल बढ़कर उन्होंने उद्योग धंधा स्थापित कर दूसरों को रोजगार दिया साथ ही राजनीति के क्षेत्र में भी कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कॉमन स्कूलिंग सिस्टम लागू करने की वकालत करते हुए कहा कि राष्ट्रपति का बेटा हो या भंगी का संतान सबकी शिक्षा एक समान होनी चाहिए।

स्थानीय सांसद चंदेशवर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि जिले के मोदनगंज प्रखंड के एक सुदूर गांव से निकलकर विश्व के 200 देशों का भ्रमण करने वाला कोई आम इंसान नहीं हो सकता। वास्तव में एक सामान्य परिवार से निकलकर देश की श्रेष्ठ दस दवा कंपनियों में एरिस्टो फार्मा को पूरी ख्याति से स्थापित कराने वाले महेन्द्र प्रसाद की प्रतिभा असाधारण व बेमिसाल थी। उनकी बेहद कठिन हालात से निकालकर शून्य से शिखर तक की यात्रा, आज के करोड़ो वैसे युवाओं के लिए प्रेरणा व संबल का बड़ा स्त्रोत है, जो अभाव में बेरोजगारी का रोना रोकर हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। समारोह में पूरे प्रदेश से विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं का उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पहुंचना, उनकी समाज व राजनीति के प्रति व्यापक उदार सोंच का जीवंत प्रतीक है। उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने जहानाबाद व अरवल के कोने-कोने से लगभग पंद्रह से बीस हजार लोग मौके पर पहुंचे थे।

## खबरें फटाफट

### खाद खरीदने निकले युवक की पिटाई

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव निवासी एक युवक की रास्ते मे घेरकर आरोपितों द्वारा पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महेंद्र सिंह बताया जाता है। वह अपने खेत के लिए खाद खरीदने डुमरांव आ रहा था। इसी दौरान रास्ते मे एक निजी स्कूल के समीप प्रवीण कुमार सहित तीन-चार लोग घेर लिए और पिटाई कर जख्मी कर दिया। मामले में पीड़ित ने नामजद केस दर्ज कराया है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### नए भवन में शुरू हुआ पशु अस्पताल

**केसठ।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पशु अस्पताल नए भवन में शिफ्ट हो गया है। विगत कुछ महीने पहले भवन का निर्माण हुआ था। जिसका शुभारंभ हो गया है। बता दें कि अस्पताल पशु स्वास्थ्य एवं कल्याण नीति के तहत खोला गया है। पशु अस्पताल के नए भवन में संचालित होने से पशुपालकों में खुशी व्याप्त है। पशुपालक शिव शंकर सिंह ने बताया कि जब प्रखंड में पशु अस्पताल नहीं था, तो पशुओं के बीमार हो जाने पर दूर दराज से चिकित्सकों को बुलाना पड़ता था। अस्पताल खुल जाने से हजारों पशुपालकों को लाभ मिलेगा।

### पुलिस ने बरामद की शराब, तस्कर फरार

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म पुलिस ने थाना क्षेत्र के नोनियपुरा गांव से 12 पीस टेट्रा पाकेट शराब बरामद किया है। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही शराब कारोबारी भाग निकला। फरार आरोपी के खिलाफ स्थानीय थाना में नामजद प्रथमिकी दर्ज कराया गया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि शराब की तस्करी करने वाले एवं शराब पीने वाले के खिलाफ पुलिस विशेष मुहिम चला रही है इसी मुहिम के तहत सोमवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नोनियपुरा गांव में शराब की बिक्री की जा रही है। पुलिस की छापेमारी में 12 पीस टेट्रा पाकेट शराब बरामद किया गया। आरोपी प्रभुनाथ प्रसाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

### केसठ ई किसान भवन में गोष्ठी आज

**केसठ।** कृषि विभाग व आत्मा संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को प्रखंड के केसठ स्थित ई किसान भवन के प्रांगण में किसान गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रबी फसल आधारित खेती के लिए विभिन्न वैज्ञानिक तरीकों एवं समसामयिक कार्यों की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही, कृषि एवं कृषि से सम्बद्ध विभाग की विभिन्न योजनाओं के साथ नवीनतम तकनीक से भी किसानों को अवगत कराया जाएगा। गोष्ठी में शामिल होने के लिए किसानों से आधार कार्ड व पंजीयन रसीद लाने का आग्रह किया गया है।

# ऑनलाइन फ्रॉड व अपराधों के खिलाफ लोगों को जागरूक करेगी बक्सर पुलिसः एसपी

- सीम कार्ड व प्री-पेड बिजली मीटर को रिचार्ज के नाम लोगों को बना रहे साइबर अपराधी निशाना
- साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जिलेवासियों को दी जाएगी ट्रेनिंग

**रजनीकांत दुबे/बक्सर**

जिले में साइबर फ्रॉड और अपराधों के मामले में प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। लोगों के खातों में जमा पैसे की निकासी समेत कई अपराधी मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में जिले की पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए लोगों को साइबर ट्रेनिंग देने का एक्शन प्लान बनाया है। साइबर अपराधियों के खिलाफ लोगों सतर्क और जागरूक करने के लिए पुलिस जल्द ही बड़ा अभियान शुरू करने वाली है। जिसमें समाज के हर तबके को शामिल किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके। बक्सर एसपी नीरज कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि पुलिस की विभिन्न इकाइयों द्वारा साइबर अपराध से बचाव के कार्यक्रम चलाए जाएंगे।


नीरज कुमार सिंह, एसपी, बक्सर

**बच्चों और महिलाओं पर होगा विशेष ध्यान :** एसपी नीरज कुमार सिंह ने बताया साइबर अपराध का दायरा दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। कोई भी इससे अछूता नहीं रह गया है। पढ़े लिखे हो या फिर अनपढ़ साइबर अपराधी किसी आसानी से अपना शिकार बना रहे हैं। उनके हथकंडे से कैसे बचा जाए इसको लेकर लोगों को जागरूक करने का पुलिस व बैंक वालों के तरफ से प्रयास किया जाता है। बावजूद साइबर अपराध कम होने की जगह बढ़ता जा रहा है। ऐसे में जिला पुलिस ने बड़े पैमाने पर जागरूक अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान में खासकर बच्चों, युवाओं और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। क्योंकि आज के दौर में यह वर्ग ऑन शॉपिंग या सर्फिंग अधिक करते हैं। जिसके कारण ये साइबर अपराधियों के चंगुल में आसानी से आ जाते हैं।

### समय के साथ बदल रहा साइबर ठगी का ट्रेड

एसपी ने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को अपने झांसे में फंसाने के लिए अक्सर नए-नए तरीके निकालते रहते हैं। कभी बैंक अकाउंट के केवाईसी अपडेट के नाम पर धोखाधड़ी होती थी। बाद में एटीएम कार्ड के ब्लॉक होने का झांसा दिया जाने लगा। कुछ समय गिफ्ट वाउचर और लोन दिलाने के नाम पर भी लंबे समय तक लोगों को फंसाने का काम साइबर अपराधियों ने किया। यह ट्रेंड पुराने हो चुके हैं। गाड़ियों की डीलरशिप दिलाने और विभिन्न तरह के लालच देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाने के मामले भी आते रहते हैं। पिछले कुछ दिनों में बिजली के स्मार्ट प्रीपेड मीटर को रिचार्ज करने के नाम पर धोखाधड़ी के ढेरों मामले सामने आए हैं। साइबर क्राइम का नया ट्रेंड 4-जी सिम कार्ड को 5-जी में अपग्रेड के नाम पर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। जिसे लेकर लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

## संदेहास्पद स्थिति में सीएचसी प्रभारी का वीडियो वायरल, परिसर में सिगरेट पीते आए नजर

# शर्मनाकः रघुनाथपुर सीएचसी प्रभारी ने कर्मी को जान से मारने की दी धमकी, किया दुर्व्यवहार

- चिकित्सक ने योगदान करने आए कर्मी के अलावा सामाजिक कार्यकताओं के साथ भी की बहस
- लोगों और कर्मचारियों ने कई बार की है शिकायत, नहीं हुई ठोस कार्रवाई


अस्पताल परिसर में सिगरेट पीते चिकित्सक


चबुतरे पर निढाल होकर नाश्ता करते चिकित्सक

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

सूबे के उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव के लाख प्रयास के बावजूद जिले में स्वास्थ सुविधाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। डॉक्टरों की मनमानी से अस्पतालों की स्थिति दयनीय हो गई है। एक तरफ बक्सर सीएस को बेहतर कार्यों के लिए उप मुख्यमंत्री के हाथों हाल ही में सम्मान मिला है, तो दूसरी तरफ उनके अधिनस्थ कई ऐसे भी डॉक्टर हैं, जिन्हें खुद इलाज की जरूरत है। यहां हम बात कर रहे हैं, ब्रह्मपुर प्रखंड के रघुनाथपुर सीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश गुप्ता की। अक्सर कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार के कारण चर्चा में रहने वाले इस चिकित्सा पदाधिकारी का एक वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो सोमवार की है। जिसमें वो योगदान करने आए एक परिचारी को खुलेआम गालियां दे रहे हैं और उसे जान से मारने तक की न सिर्फ धमकी दी, बल्कि ईंट उठा उस पर वार करने का प्रयास भी किया। उस घटना के बाद एक और वीडियो है, जिसमें देखा जा सकता है कि वे अस्पताल परिसर के अंदर खुलेआम सिगरेट का पैकेट लिए व सिगरेट पी रहे हैं। जबकि स्वास्थ विभाग के नियमों के मुताबिक अस्पताल परिसर में धुम्रपान निषेध है। वहीं, वीडियो में वे कई संदेहास्पद हरकते करते हुए नजर आ रहे है। जिसे देख कोई भी अंदाजा लगा सकता है कि वो या तो मानसिक रूप से बीमार हैं या फिर नशे की चपेट में है।

हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है वे किस कारण से ऐसी हरकते कर रहे है। वे कभी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते नजर आ रहे है तो कभी अधिनस्थों तथा वहां मौजूद लोगों को मारने भी पड़ जा रहे है। तीसरे वीडियो में अस्पताल परिसर में स्थित पेड़ के चबूतरे पर भी कभी निढाल हो पड़ जा रहे है। इस दौरान उनके कपड़े भी अस्त व्यस्त दिख रहे हैं। परिचारी के अलावा डॉ. राजेश गुप्ता ने जदयू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर सिंह कुशवाहा तथा सामाजिक कार्यकर्ता कृपा शंकर चौधरी के साथ भी अभद्रता की। इसके पहले भी वे तीन बार अपने सहकर्मियों से दुर्व्यवहार कर चुके है। जिसकी शिकायत डीएम तथा सीएस से की गई थी। लेकिन न तो उन्हें वहा से हटाया गया और न ही कोई कार्रवाई की गई। बल्कि कुछ महीने के अंतराल पर फिर से उन्हें प्रभारी बना दिया गया।

**योगदान करने आया था परिचारी :** मामले में बताया जाता है कि परिचारी प्रशांत कुमार श्रीवास्तव इसी सीएचसी का कर्मी है तथा उसका प्रतिनियोजन सदर अस्पताल में हुआ था। प्रतिनियोजन अवधि पूरी होने के बाद वो पुनः सीएचसी में योगदान के लिए आया था। हालांकि बाद में दूसरे कर्मी के द्वारा मंगलवार को उनका योगदान कराया गया।

**बोले लोग मानसिक संतुलन रहता है खराब :** इस संबंध में जदयू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर सिंह कुशवाहा ने कहा कि सीएचसी प्रभारी डा राजेश गुप्ता का मानसिक संतुलन खराब रहता है। उन्होंने कहा कि वे अक्सर ऐसी हरकते करते है। जबकि सामाजिक कार्यकर्ता कृपा शंकर चौधरी ने कहा कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहने से इलाज कराने आने वाले मरीजों तथा उनके परिजनो को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने इस मामले की जांच करा कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### एक दशक से जमे है प्रभारी, डीएम व सीएस भी हरकतों से हैं वाकिफ

स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉ. राजेश गुप्ता पिछले एक दशक से इसी सीएचसी में जमे हैं। यहां तक कि जिलाधिकारी अमन समीर व सिविल सर्जन भी उनकी हरकतों से भली भांति वाकिफ हैं। लोगों व कर्मियों द्वारा कई बार उनके आचरण को लेकर शिकायत की गई है। इस कारण उनका ट्रांसफर नहीं किया जा रहा है। लंबे समय से उनका ट्रांसफर नहीं किए जाने से कई सवाल खड़े हो रहे है।

### सीएस बोले- होगी कार्रवाई

मामले में किसी ने वीडियो भेजा था। घटना की जानकारी हुई है। जो काफी गलत है। जिसकी जांच कराई जाएगी। साथ ही, संबंधित चिकित्सक पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

- डॉ. जितेंद्र नाथ,
सिविल सर्जन, बक्सर

## दहेजलाभियों ने विवाहिता को घर से निकाला, पीड़िता ने दर्ज कराया मामला

**केटी न्यूज/सिमरी**

रामदास राय के डेरा ओपी थाना क्षेत्र के राजापुर नवरंग राय के डेरा गांव की एक विवाहिता ने स्थानीय ओपी में दहेज में नकद राशि, बाइक व सोने का चेन की मांग पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ज्योति देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वह मूल रूप से भोजपुर जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के कुरमही गांव के जितवंदन चौधरी की पुत्री है। उसकी शादी 9 मार्च 2019 को बिहिया महथिन दाई मंदिर में राजापुर नवरंग राय के डेरा निवासी स्व गोरख चौधरी के पुत्र मुन्ना चौधरी के साथ हुई थी। वैवाहिक जीवन में पिछले साल एक पुत्री को भी जन्म दिया है। लेकिन उसके बाद उसके पति के साथ ही भसुर अवध बिहारी चौधरी, जेठानी मंजू देवी आदि दहेज में नकद राशि, बाइक व सोने की चेन के लिए प्रताड़ित करने लगे तथा मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पीड़िता ने बताया है कि उसके पति इसके पहले भी तीन शादियां किए थे तथा तीनों को दहेज के लिए भगा चुके है। पीड़िता के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## प्रशासन की देखरेख में हुआ यूरिया खाद का वितरण

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मंगलवार को पूरे दिन यूरिया खाद को लेकर हंगामे की स्थिति बनी रही। नया भोजपुर स्थित इफको कृषि मॉल में मंगलवार को सुबह से ही हजारों लोगों की भीड़ यूरिया खाद के लिए उमड़ पड़ी। जिसमें महिला तथा पुरुष शामिल थे। स्थिति गंभीर देख खाद का वितरण रोक कर प्रशासन को बुलाया गया। सीओ अंकिता सिंह व नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। सभी लोगों को कतार बद्ध किया गया। सीओ के हस्तक्षेप पर कतारबद्ध लोगों को टोकन देकर चिन्हित किया गया।




उसके बाद खाद का वितरण कार्य प्रारंभ हुआ।

मंगलवार को कुल 800 किसानों को प्रति किसान दो बैग यूरिया खाद प्रदान किया गया। किसानों का कहना है कि निजी खाद विक्रेताओं द्वारा यूरिया खाद साढे चार सौ रुपया प्रति बैग दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि साजिश के तहत पदाधिकारियों के इशारे पर खाद की कालाबाजारी हो रही है। यही वजह है कि बाजार में निजी दुकानदारों द्वारा कही भी सही मूल्य पर यूरिया खाद का वितरण नहीं हो रहा है। किसानों की भारी भीड़ तथा हंगामे के तरीके से तय हो गया है कि आने वाले दिनों में यूरिया खाद को लेकर टेंशन कम नहीं होगा। इस आलोक में सीओ अंकिता सिंह का कहना है कि निजी खाद दुकानदारों का स्टॉक जांच किया जाएगा तथा खाद का सही वितरण उचित मूल्य पर कराया जाएगा है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद की परेशानी नहीं होगी।

## तापमान गिरने के साथ शरीर का तापमान सामान्य करने के लिए करना पड़ता है अधिक काम

# ठंड में हार्ट अटैक की बढ़ती है संभावना, दिनचर्या में बदलाव जरूरी

- ब्लड वैसल्स सिकुड़ने के कारण खून को निकलने के लिए डालना पड़ता है अधिक दबाव

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में पछुआ हवा के कारण ठंड बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार से जिले के तापमान में लगातार गिरावट होने की संभावना है। ऐसे में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है। खासकर हाइपरटेंशन से ग्रसित मरीजों को विशेष देखभाल की जरूरत है। वहीं, सर्दियों के दिनों में हार्ट अटैक की समस्या लोगों में बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि इस मौसम में हार्ट में ब्लड फ्लो कम हो जाता है या ब्लॉक हो जाता है। जैसे-जैसे तापमान कम होता है, हाइपरटेंशन से पीड़ित लोगों में खून के गाढ़ापन और क्लॉटिंग के साथ ही हाई ब्लड प्रेशर की संभावना भी बढ़ जाती है। चिकित्सकों का भी मानना है कि गर्मियों की तुलना में सर्दियों में हार्ट अटैक का जोखिम अधिक हो जाता है। इसलिए ठंड के मौसम के दौरान हाइपरटेंशन व बड़े बुजुर्गों पर विशेष स्वास्थ्य संबंधी निगरानी जरूरी है। इस परिस्थिति में किसी प्रकार की चिकित्सा सुविधा के लिए निकट के सरकारी अस्पताल में संपर्क कर सकते हैं।

**तापमान कम होने के कारण शरीर में होते हैं बदलाव :** प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह डीवीबीडीसीओ डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, सर्दी में हार्ट अटैक का खतरा सुबह के समय ज्यादा रहता है। हमारे शरीर में तापमान कम होने के कारण कई तरह के बदलाव होते हैं। शरीर में ये बदलाव हर स्तर पर जैसे हार्ट, ब्लड वैसल्स और हार्मोन्स में होते हैं। जैसे जैसे तापमान गिरता ऐसे में शरीर को अपना तापमान सामान्य करने के लिए अधिक काम करना पड़ता है। जिससे शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। ऐसे में बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर हमारे दिल की सेहत को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम में गुनगुना पानी पीना चाहिए। ताकि सर्दी, जुकाम और खांसी की समस्या दूर रहे। गर्म पानी में नमक डालकर गरारे करना काफी फायदेमंद होता है। व्यायाम या योग का सहारा लेकर शरीर और मन को चुस्त दुरुस्त रखें। साथ ही, ज्यादा मसालेदार भोजन से परहेज करना होगा, ताकि कब्ज व एसीडिटी से बच सकें।

**हार्ट अटैक का खतरा 30 गुना अधिक :** यूरोपियन जर्नल ऑफ एपडिमियोलॉजी में प्रकाशित एक रिसर्च के मुताबिक मोटापे और हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित लोगों को इस मौसम में हार्ट अटैक का खतरा 30 गुना अधिक होता है। सर्दियों में बढ़ते तापमान की वजह से बॉडी ठिठुरने लगती है। दिल तक खून लाने और ले जाने वाली ब्लड वैसल्स सिकुड़ने लगती हैं। ब्लड वैसल्स सिकुड़ने की वजह से खून को निकलने के लिए अधिक दबाव डालना पड़ता है, जिससे मरीज का ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है। ब्लड प्रेशर अधिक होने से हार्ट अटैक के मामले ज्यादा सामने आते हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक इस मौसम में खून गाढ़ा होने लगता है। जिसकी वजह से थक्का जमने लगता जो हार्ट अटैक का कारण बनता है।

## एक नजर

### पुण्यतिथि पर याद किए गए कॉ. सूरज प्रसाद, पैतृक गांव में आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा




**केसठ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के बिहार राज्य परिषद के पूर्व सचिव का. सूरज प्रसाद की 13वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को उनके पैतृक गांव शिवपुर पूर्वी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता का. जितेन्द्र प्रसाद सिंह व कमेंन्द्र प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। जबकि, संचालन ज्योतिश्वर सिंह उर्फ बालक दास ने किया। सभा के शुरूआती दौर में भाकपा के नेताओं द्वारा पार्टी के झंडे का झंडोत्तोलन कर सलामी दी गई। सभा में उपस्थित नेताओं, किसानों व क्षेत्र के प्रबुद्धजनों द्वारा सूरज प्रसाद की प्रतिमा पर बारी बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राज्य सभा के पूर्व सांसद नागेंद्र नाथ ओझा, सचिव मंडल सदस्य ओमप्रकाश नारायण, पूर्व सांसद तेज नारायण सिंह, पूर्व विधायक रामाश्रय सिंह, अशोक प्रसाद सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि सूरज बाबू के बताए मार्ग पर चलना और उनके सपनों को साकार करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सभा में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी उनके द्वारा किए गए कार्यो तथा जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही वक्ताओं ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार में किसान ही नहीं हर वर्ग के लोग परेशान है। महंगाई चरम सीमा पर है। डीजल पेट्रोल के दाम सेंच्युरी पार कर चुकी है। यह सरकार, रेल, भेल, बैंक सभी का निजीकरण करना चाहती है। सरकार की हर गलत मंशा को जनता विफल कर देगी। साथ ही केंद्र सरकार के खिलाफ एक बड़े आंदोलन की जरूरत बताई। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामाश्रय सिंह, अशोक प्रसाद, बबन सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### सुमित्रा कॉलेज में वार्षिक खेल सप्ताह के दूसरे दिन भी आयोजित हुईं कई प्रतियोगिताएं



**डुमरांव।** स्थानीय सुमित्रा महिला कॉलेज में आयोजित वार्षिक खेलकूद सप्ताह के दूसरे दिन कैरम बोर्ड, शतरंज, बैडमिंटन तथा खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दूसरे दिन के खेलों का उदघाटन प्राचार्य डा शोभा सिंह ने किया। शतरंज प्रतियोगिता में प्रीति और कैरम में नेहा की टीम ने बाजी मारी। इस दौरान सेमीफाइनल के शतरंज में राधा, ऋचा और कैरम में संरचना, दीक्षा, ज्योति, नंदनी की भूमिका सराहनीय रही। बैडमिंटन और खो-खो प्रतियोगिता का फाइनल बुधवार को आयोजित होगा। इस खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डॉ शोभा सिंह ने कहा कि शिक्षा एवं खेल एक-दूसरे के पूरक है। अच्छे मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेलकूद में सहभागिता जरूरी है। कैरम के खेल में कौशल, अभ्यास तथा दृढ़ संकल्प की अति आवश्यकता है तो वहीं शतरंज बुद्धि और रणनीति युक्त महत्वपूर्ण खेल है, जो सोचने-समझने की क्षमता में वृद्धि करता है। शतरंज के खेल में दिमाग की आवश्यकता होती है। इसमें दूसरे की चाल के अनुसार अपनी चाल बदलनी पड़ती है। कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर श्रीकांत सिंह और वरीय सदस्य डॉ सुभाष चंद्रशेखर ने किया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर उषा रानी, प्रो अनीता, प्रो मीरा कुमारी, प्रो अर्चना और प्रो दिनेश सिंह यादव रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो सुरेशचंद्र त्रिपाठी, प्रो मिथिलेश सिंह, प्रो अमृता, प्रो उमाशंकर, प्रो प्रमोद सिंह, प्रो मनोज कुमार, चीकू सिंह, पवन कुमार, राजेंद्र सिंह, नारायणी कुमारी, माया कुमारी, सोनी, मंजू, कल्पना, सौम्या, प्रीति, नेहा, संजना, चंचल, सलोनी, इंदु, नैना, अंशु, राधा सहित अन्य रहें।

### फर्जी आवास सहायक बन लाभुक से ऐंठ लिए 18 हजार, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत



डुमरांव। यदि आप आवास योजना के लाभुक है तो सावधान हो जाइए। इन दिनों पंचायतों में फर्जी आवास सहायक घुम रहे है जो आवास योजना के भोले भाले लाभुकों को अपनी जाल में फंसा उनसे मोटी रकम ऐठ ले रहे है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को कसिया पंचायत के रजडीहा गांव में सामने आया है। आवास योजना के लाभुक बलि गोंड से दो युवकों ने खुद को आवास सहायक बता बिना मकान बनवाए योजना का लाभ लेने के नाम पर 18 हजार रूपए ले उड़े है। हालांकि थोड़ी देर बाद जब उक्त लाभुक को शक हुआ तो वह असली आवास सहायक को फोन किया। तब जाकर उसे ठगी का अहसास हुआ। वही आवास सहायक अमित गोस्वामी के निर्देश पर पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत स्थानीय थाने में की है। मिली जानकारी के अुनसार दोपहर करीब 1.30 बजे पीएम आवास योजना का लाभुक व रजडीहा निवासी बलि गोंड अपने दरवाजे पर बैठा था। उसी दौरान एक अपाची बाइक पर बैठ दो युवक उसके पास पहुंचे और बोले कि आपने आवास योजना का लाभ उठा मकान नहीं बनवाया है, जो पैसा बचा है उसे लेकर आइए। इसके बाद दोनों उसका आधार कार्ड भी मांगे। पैसा तथा आधार कार्ड को फोटो खींचने के बाद दोनों ने कहा कि इस पैसा को वे लोग लेकर जा रहे है तथा दो दिन बाद अगली किश्त के 36 हजार रूपए आपके खातें में आ जाएगा। आवास सहायक ने अमित ने लाभुकों को ऐसे लोगों से सावधान रहने को आगाह किया है। जबकि पीड़ित ने बताया कि वह उसे प्रखंड कार्यालय का कर्मी समझ पैसे दिया है।

## छोटी खबरें

### युवक ने मालगाड़ी के सामने कूदकर दी जान

**गाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर डीडीयू रेलखंड के भदौरा रेलवे स्टेशन के पास एक अधेड़ ने मालगाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद गहमर के पुलिस चौकी सेवराई की पुलिस व जीआरपी दिलदारनगर मौके पर पहुंच गई। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भदौरा रेलवे स्टेशन के समीप डाउन लाइन पर मंगलवार की सुबह जा रही मालगाड़ी के सामने एक अज्ञात अधेड़ दौड़ते हुए जाकर ट्रेन के आगे कूद गया। जिससे मौके पर ही मौत हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस चौकी सेवराई के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त का प्रयास किया। काफी देर बाद मृतक का शिनाख्त नवली गांव निवासी अनील पांडेय उर्फ राजू पांडेय (55) के रूप में किया गया।

### अलग अलग हादसों में दो की मौत

**बलिया।** जनपद के नगरा थाना क्षेत्र में अलग अलग दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस दोनों युवाओं के शवों को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र उभांव के मालीपुर से ओवरलोड पिकअप ब्रान लेकर रतसड को जा रही थी, नगरा सिकन्दर पुर रोड के डांडेपुर गांव के पास पहुंची थी कि असन्तुलित होकर पलट गई। जिसमें पांच मजदूर ब्रान के बोरे के नीचे दब गए। लेकिन, रतसड निवासी रोहित राजभर पिकअप के नीचे दब गया। जिससे मौके पर ही रोहित की मौत हो गयी। दूसरी घटना सोमवार की देर रात नगरा गड़वार मार्ग की है। जहां गोठाई चट्टी पर पिकअप और बाइक की टक्कर में बाइक सवार रसड़ा थाना क्षेत्र के छिब्बी निवासी रोहित शर्मा गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंचे, तब तक रोहित दम तोड़ चुका था।

### उपचार के दौरान ग्राम प्रधान की मौत

**गाजीपुर।** रेवतीपुर विकास खंड के उधरनपुर के वर्तमान ग्राम प्रधान जंगबहादुर उर्फ गुड्डू यादव (44 ) का बीते देर रात्रि को गाजीपुर स्थित एक नर्सिंग होम में इलाज के दौरान निधन हो गया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि गाँव में इस घट?ना के बाद से ही सन्नाटा पसरा हुआ है। उनका अंतिम दाह संस्कार गाजीपुर स्थित श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र अमरेंद्र के देते ही सबकी आखें नम हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही ब्लाक अन्तर्गत प्रधानों, सेक्रेटरी सहित अन्य गणमान्य लोगों का उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए उनके पैतृक आवास पर पहुंचने लगे। परिजनों के मुताबिक प्रधान जंगबहादुर उर्फ गुड्डू यादव पिछले कई दिनों अस्वस्थ चल रहे थे।

# 'उड़ान' में छात्र-छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा, विजेताओं को किया गया सम्मानित

**केटी न्यूज/बलिया**

- सनबीम स्कूल में तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

खेल जहां एक ओर बच्चों को स्वस्थ, चुस्त, योग्य व फुतीर्ला रखता है। वहीं इसके माध्यम से खिलाड़ियों को राज्य, देश व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छवि प्रतिष्ठापित करने का अवसर मिलता है। विभिन्न देश एक दूसरे के समीप आते हैं। एक दूसरे की संस्कृति साझा करते हैं। अध्ययन के साथ-साथ बच्चों में बहुमुखी प्रतिभा को उभारने के निमित्त शहर के अगरसंडा स्थित सनबीम स्कूल में तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 'उड़ान' का शुभारंभ संयुक्त रूप से विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह व प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह के कर कमलों से हुआ। बताया जाता है कि यह विद्यालय का सातवां वार्षिक खेल आयोजन है। प्रथम दिवस में एथलेटिक्स का आयोजन था जिसमें कक्षा छठवीं से नौवीं एवं





प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते शिक्षक

11वीं के बच्चों ने प्रतिभाग किया। 120 मीटर की दौड़ में प्रियांशु पाठक, स्वाति तिवारी, प्रशांत कुमार, शिवम उपाध्याय, शौर्य प्रताप सिंह व दीपशिखा प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर अंशिका सिंह, सनी यादव, आमना मेराज, अनीश यादव, अर्पिता यादव रहे। तृतीय स्थान पर आस्था यादव, शुभम कुमार, जान्हवी सिंह, श्रुति सिंह रहीं। 60 मीटर की दौड़ में शिवांगी उपाध्याय,दिव्य ज्योति पांडेय, हनी सोनी, अनीश यादव, दीपशिखा, प्रियांशु कुमार, आशीष यादव, अनुज यादव, श्यामली केसरी प्रथम स्थान प्राप्त किए। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों में प्रशांत कुमार, आमना मेराज, अदिति यादव, वैभव गुप्ता, शौर्य प्रताप, प्रगति सिंह, अंशिका सिंह, मेराज आलम, आरुषि सिंह रहे जबकि अंकित कुमार यादव, बेबी राय, अर्पित यादव, निशांत यादव,आयुष, श्रुति सिंह, वैभव यादव,स्वाति तिवारी, शिवम यादव,सलोनी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सभी विजेताओं को प्रधानाचार्या ने मेडल पहनाकर प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह ने बच्चों की हौसला अफजाई कर प्रशंसा करते हुए उनकी सफलता पर उन्हें बधाई दी। कहा कि सीबीएसई की ओर से विद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें सनबीम सदैव अग्रणी रहने का प्रयास करता है। यहां के बच्चे प्रदेश व राष्ट्र स्तरीय प्रतिस्पर्धा हेतु चयनित किए जाते हैं। प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने बच्चों को विभिन्न खेलों में उनकी रूचि के अनुसार अधिकाधिक भाग लेने हेतु प्रेरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रशासक एसके चतुर्वेदी, खेल प्रशिक्षक पंकज सिंह, तरुण सक्सेना, राजेश सिंह, अबू शाहिद, प्रीति, पूनम, कमल निखिल, मुकेश, ओमप्रकाश यादव आदि रहे।

## सरकार के निर्देश पर जनपद में कोविड-19 के मद्देनजर हुआ माक ड्रिल

# कोविड-19 से बचाव व इलाज को लेकर चिकित्सकों व कर्मियों ने किया अभ्यास

- अधिकारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं के साथ उपकरणों का लिया जायजा
- जिले में कोविड जांच बढ़ाने का मिला निर्देश, बढ़ाई जाएगी टेस्टिंग

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए शासन व प्रशासन दोनों सख्त हैं। गत दिनों में कोविड-19 के संक्रमण का प्रकोप विश्व के कई देशों में लगातार बढ़ रहा है। इसको देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने भी कोविड-19 को लेकर अलर्ट मोड में कर दिया गया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को पूरी तैयारी करने के निर्देश जारी किया गया है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला अस्पताल सहित कुल पांच स्वास्थ्य केंद्रों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। एसीएमओ डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि शासन से मिले निर्देश के क्रम में जिले के चार सामुदायिक



मॉक ड्रिल में शामिल चिकित्सक व कर्मी

स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मबाद, सैदपुर, भदौरा और मनिहारी के साथ ही जिला अस्पताल में माकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान कोविड-19 से पीड़ित मरीजों को किस तरह से उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल के बेड तक शिफ्ट करना। उसके पश्चात उनका इलाज करने को लेकर तैयारियों को पूरी तरह से परखा गया।

एसीएमओ डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि मॉक ड्रिल के इस आयोजन में मुहम्मदाबाद में वह स्वयं सैदपुर में डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा, भदौरा में डॉ. मनोज सिंह और मनिहारी में डॉ. जेएन सिंह ने कोविड-19 से संबंधित तैयारियों को परखने का कार्य किया। गाजीपुर के जिला अस्पताल स्थित कोविड-19 वार्ड का वाराणसी के जेडी डीबी सिंह की अध्यक्षता में मॉकड्रिल किया गया। जिसमें ऑक्सीजन प्लांट, कोविड-19 वार्ड, कोविड-19 जांच सेंटर के साथ ही मरीजों के लिए लगे वेंटिलेटर का भौतिक सत्यापन किया गया और यह देखा गया कि इमरजेंसी की स्थिति में यह सब कितना कारगर है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट के क्रियाशीलता के बारे में चेक किया गया। साथ ही ऑक्सीज प्लांट को चेक किया गया कि पाइप लाइन में ऑक्सीजन कि सप्लाई की सप्लाई किस तरह से हो रही है। वेंटिलेटर की क्रियाशीलता को भी परीक्षण किया गया।

डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि कोविड-19 के संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर जनपद को कुल 69 वेंटिलेटर प्राप्त हुए थे, जो कार्यरत स्थिति में है इन सभी वेंटिलेटर को चलाने के लिए नौ कर्मचारी भी विभाग को मिले हैं। साथ ही चार एनेस्थेटिक डॉक्टरों की नियुक्ति भी कर दिया गया है। आरटी पीसीआर से कोविड-19 की जांच जो पहले 600 से 700 हुआ करती थी, लेकिन मौजूदा स्थिति में टेस्टिंग घटने की वजह से 150 से 200 हो रहा था। जिसकों लेकर अब टेस्टिंग बढ़ाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिला अस्पताल में मॉक ड्रिल के दौरान डॉ केएन चौधरी डॉ प्रभात कुमार डॉक्टर साहब आज डब्ल्यूएचओ के विनय शंकर, डॉ. मनोज, डॉ. अनामिका कुमारी के साथ अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### कोविड की तैयारी में बलिया जनपद पास

**बलिया।** जनपद में कोविड संक्रमण की तैयारी परखने के लिए मंगलवार को मॉक ड्रिल हुई। इसमें जिला अस्पताल समेत समस्त कोविड-19 चिकित्सालय ने प्रतिभाग किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ०जयन्त कुमार ने बताया कि यह मॉक ड्रिल कोविड के नए वैरियंट के संक्रमण के बढ़ने की आशंका के मद्देनजर हुई। इसमें जिला अस्पताल समेत समस्त कोविड-19 चिकित्सालयों ने प्रतिभाग किया, जिनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सियर, अगउर, सोनबरसा, रेवती,खेजूरी, जिला चिकित्सालय, बसंतपुर एवं फेफना शामिल हैं। इस दौरान अन्य विभागों से स्वास्थ्य टीम का और स्वास्थ्य टीम के आपस का समन्वय देखा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आशवस्त किया है कि जनपद में आक्सीजन और बेड की कोई कमी नहीं है। सबसे अच्छा प्रदर्शन जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर का रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलें। जनपद के कोविड के नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक मिश्रा ने बताया कि चयनित सीएचसी पर नोडल अधिकारी नियुक्ति हैं। मॉक ड्रिल के दौरान जनपद में कोविड मरीजों के लिए आरक्षित बेड, वार्ड और आक्सीजन की उपलब्धता देखी गई। साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों के पीकू वार्ड तैयार हैं।

## सेना के लांसनायक का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, परिजनों की आंखें हुई नम

**केटी न्यूज/बलिया**

सिकंदरपुर थाने के भीमहर निवासी सेना में लांस नायक के पद पर कार्यरत पंकज सिंह (35) पुत्र स्व. धनेश्वर सिंह का शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे। जवान बेटे का शव देख मां मीना देवी की आंखे पथरा गई। पार्थिव शरीर को देख पत्नी नीलम व 10 वर्षीय बेटी वैष्णवी व छह वर्षीय वानवी को कुछ समझ में नहीं आ रहा था। जबकि सबसे छोटा चार वर्षीय पुत्र सूर्यांश मां और बहनों को रोते देख चिल्लाने लग रहा था। इसे देखते हुए पत्नी और मासूम बच्चों की स्थिति हर कोई गमगीन था।

बता दें कि पंकज सिंह सेना में लांसनायक के पद पर कोलकाता में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान करीब एक माह पहले उसकी तबियत खराब हो गई। उनका इलाज कोलकाता स्थित मिलिट्री हॉस्पिटल में चल रहा था। इलाज के दौरान सोमवार तड़के पंकज की मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही गांव के लोग शोकाकुल हो गए। जवान का अंतिम संस्कार शाम को डुहा विहरा स्थित सरयू घाट पर किया गया। मुखाग्नि पंकज के चाचा छांगूर सिंह ने दी। इस दौरान सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर से अपने साथी को अंतिम सलामी दी। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजधारी सिंह, पूर्व विधायक भगवान पाठक, ब्लाक प्रमुख केशव चौधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अखिलेश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, रामविलास राम सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय गुलाल सराय में कॉपी पेन, पेंसिल, चॉकलेट का किया गया वितरण

- सर्व शिक्षा अभियान के तहत बच्चों को किया गया प्रोत्साहित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के मरदह शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गुलाल सराय में वर्ष 2022 के बीतते हुए पल को यादगार बनाने के लिए विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई के काम आने वाले कॉपी, पेन, पेंसिल, चॉकलेट आदि का वितरण कर सर्व शिक्षा अभियान का संदेश दिया गया।

मालूम हो कि छात्र-छात्राओं को पढ़ने- लिखने के लिए प्रोत्साहित करते हुए प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार ने कहा कि सब पढ़े सब बढ़े के उद्देश्य को





कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चे

लेकर हम जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। नेक कार्य करने के साथ गरीब परिवार के बच्चों की शिक्षा का बीड़ा उठाया जाए तो सभ्य समाज में इससे बड़ा उदाहरण कोई और नहीं हो सकता। इसकी जीती-जागती तस्वीर विद्यालय के समस्त शिक्षक जो आपसी सहयोग से बच्चों की पढ़ाई कीट व चॉकलेट देकर किया।समाजसेवी प्रमोद यादव ने कहा कि छात्र-छात्राओं के परिवारों को ऐसे आयोजन से कुछ सहूलियत मिल सकती है,यह नेक कार्य समाज के हर वर्ग के लोगो को आगे आकर करना चाहिए ताकि बच्चे पढ़ेंगे, तभी आगे बढ़ेंगे। सभी दान से बढ़कर शिक्षा (सरस्वती) दान सामग्री दान होता है।

## केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने सम्मान समारोह की शिरकत, कहा...

# काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह अयोध्या एवं मथुरा भी चमकेगा

- सम्मान समारोह में क्षेत्र के साधु-संतों को किया गया सम्मानित
- मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिनाई भाजपा की उपलब्धियां

**केटी न्यूज/मऊ**

आस्था और विश्वास के केंद्र बाबा घनश्याम साहब के सुप्रसिद्ध मठ पर भारतीय जनता पार्टी के सौजन्य से क्षेत्र के साधु-संतों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पिछले तीन दिनों से मऊ जनपद में





कार्यक्रम में शामिल साधु-संत व अन्य लोग

प्रवास कर रही केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी जी रही। कार्यक्रम की शुरूआत में प्राथमिक विद्यालय माहपुर की तिरंगे से सुसज्जित सात बच्चियों के द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान कक्षा पांच की छात्रा सानिया ने मात्र 30 सेकेंड में 75 जिलों का नाम सुनाया। विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों को संपादित करते रहने के कारण अनेकों पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके जूनियर विद्यालय माहपुर के शिक्षक राजीव मौर्य के निर्देशन में पहुँची बच्चियों की प्रतिभा और उत्साह से माननीय मंत्री जी अभिभूत नजर आई। विधानसभा की प्रत्याशी रही पूनम सरोज एवं डॉ. उमेश सरोज ने अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सहित मंचस्थ आगत अतिथियों का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ द्वारा मंडल अध्यक्ष ओमकार सिंह मुन्ना, दयाप्रकाश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, इंद्रदेव सिंह, जयप्रकाश सिंह, नागेंद्र सिंह, रविभूषण सिंह, विष्णुकांत श्रीवास्तव, आशीष चौधरी आदि ने स्वागत किया। विप्रगण के द्वारा स्वस्तिवाचन एवं मंगलाचरण के उपरांत मठ के महंतश्री भगवान दास जी महाराज ₹मानस धुरंधर₹ सहित कुल 11 साधु-संतों एवं साध्वियों का मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के अतिरिक्त लोकसभा प्रभारी देवेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती कमलावती सिंह एवं सभाध्यक्ष मठ के महंथ भगवान दास जी ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में भाजपा की वर्तमान केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के माध्यम से मठ मंदिरों का कायाकल्प एवं सुंदरीकरण करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है, उसी प्रकार अयोध्या एवं मथुरा भी चमकेगा। हमारी सरकार एवं पार्टी साधु-संतों एवं सभी धार्मिक स्थलों का सम्मान करती रही है और आगे भी करती रहेगी। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाराज जी ने आत्मा, परमात्मा के बीच संबंध स्थापित करने वाले महात्मा के महत्व की चर्चा किया। मठ मंदिरों के सुंदरीकरण एवं साधु-संतों के सम्मान के लिए सरकार की सराहना किया एवं मुख्य अतिथि सहित सभी आगत अतिथियों के प्रति मंगल आशीष प्रदान किया।कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष ओमकार सिंह मुन्ना एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशीष चौधरी ने क्षेत्र की खराब सड़कों से सम्बंधित ज्ञापन दिया।

## एक नजर

### ओडीएफ प्लस गांव बनाने का हुआ शुभारंभ



**मऊ।** कोपागंज विकास खंड के ग्राम सभा इंदारा बिजुलिया में मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 रिसोर्स रिकवरी सेन्टर के अंतर्गत डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला व बीडीओ हरिमोहन सिंह ने शिलान्यास एवं भूमि पूजन विधि विधान से किया गया। ग्रामीण जनों को ओडीएफ प्लस के उद्देश्य तथा गांव के विकास के लिए सरकार द्वारा कराए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पूरे विधि विधान के साथ भूमि पूजन करने के उपरांत डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला ने कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण विकास के लिए जरूरी हर पहलू पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि गांव में रहने वाले लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार अपने घरों में बने हुए शौचालयों अथवा सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करें। ओडीएफ घोषित करने के उपरांत अब ओडीएफ प्लस के मानदंडों के अनुरूप गांव में विकास कार्य प्रारंभ करा दिए गए हैं। इसके संचालन के लिए ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी होगी। बीडीओ हरिमोहन सिंह ने कहा कि पौधरोपण भी बेहतर पर्यावरण के लिए जरूरी है इसलिए आमजन पौधरोपण करें ताकि स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ माहौल के साथ-साथ स्वच्छ हवा भी मिले। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी अर्चना सिंह, जेई खुशबू भारती, ग्राम प्रधान जुबैर अहमद, रिन्कू सिंह, जगराम चौधरी, सत्येद्र कुमार, अखिलेश सिंह, दिनदयाल सिंह, धनंजय सिंह, हर्षित सिंह आदि मौजूद रहे।

### सफाई कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन



**मऊ।** जनपद के कोपागंज कस्वे में तैनात सभी सफाई कर्मियों ने मंगलवार को नगर पंचायत कोपागंज स्थित कार्यालय के सामने खड़े हो जमकर पंचायत प्रबंधन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया। सफाई कर्मियों का कहना था कि उन्हें समय से वेतन नहीं मिल रहा है। जिससे उनके घरों का चूल्हा भी अब जलना मुश्किल हो गया है। यही नहीं गन्दगी के चलते फैली तमाम महामारियों के बाद भी वर्षों से उन्हें ड्रेस आदि भी नहीं दिया गया। उन्होंने प्रबंधन को चेताया कि अगर स्थिति यही रही, तो नगर के साफ सफाई का बहिष्कार कर धरना पर बैठ जायेंगे। एक तरफ प्रदेश सरकार कोरोना जैसी फैली माहमारी को लेकर अभी से उससे लड़ने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां कर रहा है। बावजूद इसके नगर पंचायत ड्रेस आदि देने में कोतहाई बरत रहा। सभी ने चेताया कि अगर समय से उन्हें ड्रेस व वेतन नहीं मिला, तो नगर की साफ सफाई का बहिष्कार करते हुए धरने पर बैठ जायेगे। विरोध प्रदर्शन करने वालो में नजमा खातून, शमी नोशद, मुस्लिम रेयाज, आमिर, रफीक, सफीक, शारुख, दीपू,प्रकाश, अंसार, इरफान, अल्ताफ, महताब, जयप्रकाश सहित सभी सफाई कर्मचारी रहे।

### गरीब असहायों के बीच किया गया कंबल वितरित



**मऊ।** यूपी समेत कई राज्यों में तापमान में गिरावट आने के साथ ही ठंड बढ़ गई है। यूपी समेत पूरे उत्तर भारत में ठंड का असर दिखने लगा है। वहीं पहाड़ों की बर्फबारी से यूपी समेत पूरे उत्तर भारत के राज्यों में तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इसी क्रम में घोसी लोकसभा के सांसद अतुल राय के प्रतिनिधि गोपाल राय एवं उनकी टीम द्वारा शुक्रवार से ही कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय, निर्धन विकलांग लोगों, तम्बू लगाकर बंजारा का जिंदगी गुजर बसर करने वाले लोगों, रिक्शा चालकों, रोडवेज रेलवे स्टेशन आदि जगहों पर जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर कम्बल का वितरण किया गया। बताया कि ठंड की दस्तक शुरू हो गयी है। गरीब, बेसहारा, जरूरतमंदों के लिए यह कठिन समय होता है। ठंड की हल्की शुरूआत में ही गरीबों के समक्ष आने वाली चुनौतियों को ध्यान रखते हुए हजारों लोगों को कंबल वितरण मऊ, घोसी, मोहम्दाबाद गोहना सहित पैतृक गांव में भी किया है। कम्बल वितरण का यह क्रम चलता रहेगा। इस दौरान विनीत राय, संजय एडवोकेट जिलाध्यक्ष राजविजय, डब्बू, नितेश सहित अन्य लोग थे।

### प्रकाश पर्व पर निकाली गई प्रभात फेरी



**बलिया।** श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर मंगलवार बलिया साध संगति द्वारा प्रभात फेरी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। जिसमें साध संगत जी का बहुत ही अच्छा सहयोग रहा। प्रभातफेरी में लगभग डेढ़ सौ से ऊपर की लोगों की संख्या रही। बुधवार को जनपद मुख्यालय स्थित गुरुद्वारा से विराट शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो सुबह 11:00 बजे गुरु दरबार से कासिम बाजार, टाउन हॉल, स्टेशन रोड से चौक, विजय सिनेमा रोड, हनुमान गढ़ी मंदिर, गुलाब देवी महाविद्यालय, शनिचरी मंदिर, सारंग होटल, चमन सिंह बाग रोड, दुर्गा मंदिर व गुदरी बाजार से वापस गुरु दरबार आएगी। बुधवार की शोभायात्रा में बरेली से स्कूली बच्चों की कई तरह की झांकियां व बैंड पार्टी, आजमगढ़ से पाइप बैंड बच्चा बैंड तथा समाज के वरिष्ठ सामाजिक लोग एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। बताया जाता है कि यह शोभायात्रा बलिया नगर के लिए गुरु साहब का आशीर्वाद लेने का सैलाब उमड़ता है। जिसमें बलिया नगर के सभी नागरिकों का प्रबंधक कमेटी द्वारा किया जाता है।